छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय हिसार में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' पर हुआ विस्तार व्याख्यान का आयोजन

-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 11 मार्च : छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय राजगढ़ रोड, हिसार ने महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान में डॉ. पूनम चहल, असिस्टेंट प्रोफेसर छाजूराम लॉ कॉलेज ने महिला अधिकार, न्याय एवं क्रियान्वयन विषय पर अपने

विचार व्यक्त किए। महिलाओं में निवेश से पूरे विश्व को लाभ होता है। इसलिए उनकी कानूनी सुरक्षा को मजबूत किया जाना चाहिए, आर्थिक भागीदारी को बढ़ाना चाहिए और भेदभाव को कम करना चाहिए। इसके लिए डॉ. चहल ने तमाम कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। डॉ. शालिनी गुप्ता ने मुख्य वक्ता का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया। डॉ. पूनम राणा ने मुख्य वक्ता एवं सभी छात्रों धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

CHHAJU RAM COLLEGE OF EDUCATION HISAR

Dated 09.03.2026

NOTICE

It is for the information of all the members of staff and students that an extension lecture on the occasion of International Women's Day will be held on 10.03.2026 at 11:00 AM in the assembly Hall. All are requested to be present and attend it.

09/03/26

Principal (Ofg.)